Telephone No.–05278&245957
05278&245957
Email-rmlauregistrar@gmail.com

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांकः लो0अ0वि0/शैक्ष0/362/2023 दिनांकः 12–01–2023

प्रापकः

श्री मनीष शर्मा,
पुत्र श्री उमा शंकर शर्मा,
मकान नं0–1, स्टील कोठी, हरीपर्वत चौराहा के पास, आगरा–282004

विषयः शोध कार्यो हेतु शोध स्थानान्तरण एवं शोध निर्देशक आवंटन के सम्बन्ध में।

आपका शोधकार्य स्थानान्तरण प्रकरण डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को स्थानातरित किये जाने के सम्बन्ध में गणित विषय की सम्पन्न शोध समिति की बैठक दिनॉक 18–06–2022 में प्रस्तुत किया गया। उक्त बैठक में शोध अध्यादेश–2021 के बिन्दु संख्या–12 में वर्णित प्राविधानों के कम में एवं मा0 कुलपति महोदया के आदेश दिनॉक 12–01–2023 के अनुपालन में आपके शोध कार्यो हेतु डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या स्थानान्तरित करते हुए **डॉ0 संजय कुमार पाण्डेय, सह–आचार्य, गणित विभाग, एल0बी0एस0 पी0जी0 कालेज, गोण्डा** को शोध निर्देशक नामित किया जाता है।

आपका शोधकार्य शोध अध्यादेश–2021 में वर्णित प्राविधानों के अधीन होगा। शोध उपाधि समिति की अनुशंसा के आलोक में निम्नलिखित निर्देशों का अनिवार्य रूप से समयान्तर्गत पालन करें ताकि तत्सम्बन्धी अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

1. शोध कार्य हेतु पंजीकरण शुल्क रू0 3,000/– पत्र निर्गतीकरण की तिथि के दो माह के अन्दर जमा करें। शोध पंजीकरण उक्त शुल्क जमा होने की तिथि से मान्य होगा।
2. यदि नामांकन संख्या की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में आवेदन–पत्र प्रस्तुत समय शपथ पत्र (नोटरी) दिया गया है तो पंजीकरण शुल्क जमा करने के पूर्व अनिवार्यतः नामांकन संख्या प्राप्त कर शैक्षणिक विभाग को उपलबध करायें।
3. शोध प्रबन्ध जमा करने की न्यूनतम अवधि 36 माह (3 वर्ष) एवं सामान्य परिस्थितियों में अधिकतम अवधि 72 माह (6 वर्ष) होगी। उक्त 36 माह की अवधि में पूर्व विश्वविद्यालय से सम्पन्न कोर्स वर्क (छः माह) का समय मान्य होगा।
4. शोधार्थी को प्रत्येक छमाही के उपरान्त शोध निर्देशक द्वारा अग्रसारित विस्तृत शोध प्रगति आख्या रू0 5000/– सेमेस्टर (छःमाही) शुल्क (कुल 04 छःमाही) के साथ विश्वविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
5. शोध पंजीकरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संगत विनियम में विहित प्रावधानों के अन्तर्गत डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय पी–एच0डी0 अध्यादेश– 2021 के अनुसार होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. शोध निर्देशक, डॉ0 संजय कुमार पाण्डेय, सह–आचार्य, गणित विभाग, एल0बी0एस0 पी0जी0 कालेज, गोण्डा।
2. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव